प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

19.10 रविवार दिनांक 27.07.2025

मुख्य समाचारः–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि इक्कीसवीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है–श्री मोदी ने बिल्हा नगर पंचायत का भी जिक्र करते हुए स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं की तारीफ की।

- केंद्रीय राज्यमंत्री डॉक्टर पेम्मासानी चंद्र शेखर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाकों में डिजिटल संचार को सशक्त बनाने के लिए चार सौ नये बीएसएनएल टावर लगाए जाएंगे।

- भारतीय सेना ने घोषित किया ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम।

- प्रदेश में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश से नदी–नाले उफान पर–कुछ गांवों का जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क टूटा।

**<u>मन की बात</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इक्कीसवीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से **मन की बात** कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया।

अभी हाल ही में शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी को लेकर देश में बहुत चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु धरती पर सुरक्षित उतरे लोग उछल पड़े। हर दिल में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरा देश गर्व से भर गया। अब छोटे–छोटे बच्चे कहते हैं। हम भी स्पेस में जाएंगे। हम भी चांद पर उतरेंगे। स्पेस साइंटिस्ट बनेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अब एक जनआंदोलन बन गया है। इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण में साढ़े चार हजार से ज्यादा शहर और कस्बे जुड़े हैं।

स्वच्छ भारत मिशन इस मिशन को 11 साल पूरे होंगे, लेकिन इसकी ताकत और इसकी जरूरत आज भी वैसी ही है। इन 11 वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन एक जनआंदोलन बना है। लोग इसे अपना फर्ज मानते हैं और यही तो असली जनभागीदारी है।

**<u>मन की बात</u>**

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की बिल्हा नगर पंचायत का भी जिक्र किया और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली यहां की महिलाओं की तारीफ की।

प्रधानमंत्री ने हरियाली तीज के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने कहा कि आगामी नागपंचमी, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी त्यौहार हमारी भावनाओं से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को इन पावन पर्वों की भी शुभकामनाएं दी हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में बिल्हा का उल्लेख कर छत्तीसगढ़ वासियों का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इस साल छत्तीसगढ़ में स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है।

**<u>केंद्रीय मंत्री–समीक्षा बैठक</u>**

केन्द्र सरकार, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाकों में डिजिटल संचार को सशक्त बनाने के लिए चार सौ नये बीएसएनएल टावर लगाने की योजना पर कार्य कर रही है। यह जानकारी केंद्रीय ग्रामीण विकास और दूरसंचार राज्यमंत्री डॉक्टर पेम्मासानी चंद्र शेखर ने आज रायपुर में दी। उन्होंने बताया कि इन टावरों की स्थापना के लिए सुरक्षा बलों और वन विभाग से मंजूरी मिलने के बाद चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले, डॉक्टर चंद्र शेखर ने रायपुर में अधिकारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में ग्रामीण विकास, डाक, दूरसंचार और भारत संचार निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन पर संतोष जताया। डॉक्टर शेखर ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को मिशन मोड में लागू किया जा रहा है।

वहीं, केंद्रीय संचार राज्यमंत्री ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच ग्रामीण विकास, केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के

समन्वित क्रियान्वयन, आदिवासी इलाकों में संचार सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

## माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले के बासागुड़ा और गंगालूर थाना के सरहदी जंगलों में कल सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला सहित चार माओवादी मारे गए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि सभी माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है। इन पर सत्रह लाख रूपये का इनाम घोषित था।

इस बीच, दंतेवाड़ा जिले के मालेवाही थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों की टीम ने ग्राम कहचेनार की ओर तलाशी अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा बनाए गए तीन स्मारकों को ध्वस्त कर दिया है।

## सेना भर्ती परीक्षा–परिणाम

भारतीय सेना में भर्ती के लिए इस वर्ष जून और जुलाई महीने में आयोजित की गई ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सफल उम्मीदवारों की सूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। उम्मीदवार परीक्षा परिणाम से संबंधित किसी भी जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर से संपर्क कर सकते हैं।

## फिट इंडिया

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज ''फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल'' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण का संदेश देना था। दुर्ग जिले के भिलाई में केंद्रीय

औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों और जवानों ने इस आयोजन में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सीआईएसएफ भिलाई यूनिट के उप महानिरीक्षक नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि यह कार्यक्रम स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का एक अवसर है।

गौरतलब है कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट का हिस्सा है।

**बारिश**

प्रदेश में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश से नदी–नाले उफान पर है। वहीं, सामान्य जनजीवन पर असर पड़ा है। अंदरूनी इलाकों के कुछ गांवों का जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क टूट गया है।

दंतेवाड़ा जिले के बारसूर इलाके में स्थित झारावाया नाले में डैम पार करते समय पिता–पुत्र तेज बहाव में बह गए। पुलिस और बचाव दल की टीम द्वारा पुत्र को बचा लिया गया। जबकि, पिता की तलाश जारी है।

उधर, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के इतवारी बाजार क्षेत्र में एक युवक नाले में बह गया। एसडीआरएफ की टीम तलाशी अभियान में जुटी हुई है। प्रधान पाठ बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण खैरागढ़ में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

वहीं, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में लगातार बारिश से गुजरा और भेड़मा नाला सहित कई पुल–पुलिया खतरे के निशान से ऊपर बह रहे हैं। और अधिक जानकारी दे रहे हैं, हमारे संवाददाता –

**<u>हत्याकांड–खुलासा</u>**

मुंगेली पुलिस ने बीते बारह अप्रैल को सात वर्षीय बालिका के अपहरण और हत्या के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि बालिका की हत्या अंधविश्वास के चलते की गई थी।

**<u>जर्जर स्कूल भवन–पत्र</u>**

मोहला–मानपुर जिले में जनपद पंचायत मानपुर के उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति के पदेन सभापति देवानंद कौशिक ने कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर जर्जर स्कूल भवनों में संचालित स्कूलों को अन्य जगहों पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

श्री कौशिक ने अपने पत्र में कहा है कि जिले में पचपन, जिनमें से अकेले मानपुर विकासखंड में उन्नीस ऐसे स्कूल हैं, जिनके भवन जर्जर हो गए हैं, जिससे अप्रिय घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। उन्होंने राजस्थान के झालावाड़ा में स्कूल भवन ढहने से सात बच्चों की मौत का हवाला देते हुए जर्जर शाला भवनों में संचालित स्कूलों को जल्द से जल्द विस्थापित करने की मांग की है।

**<u>कुछ समाचार संक्षेप में ...</u>**

- केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ का आज स्थापना दिवस है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवानों को शुभकामनाएं देते हुए उनके साहस, अनुशासन और बलिदान को नमन किया है।

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को विद्यार्थियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र कदम उठाने का निर्देश जारी किया है।

- नीट–यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय काउंसिलिंग की प्रक्रिया उनतीस जुलाई से शुरू होगी। यह प्रक्रिया चार चरणों में ऑनलाइन होगी।

- राज्य जीएसटी विभाग ने रायगढ़ स्थित मेसर्स श्याम सर्जिकल पर कार्रवाई करते हुए प्रारंभिक जांच में एक करोड़ रूपये की जीएसटी चोरी पकड़ी है।

- जशुपर जिले के पंड्रापाठ में राज्य का अत्याधुनिक तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जो ग्रामीण युवाओं की खेल प्रतिभा को मंच प्रदान करेगा।

- रायपुर पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने सूदखोरी के आरोपी रोहित और विरेन्द्र तोमर के भाठागांव इलाके में बने अवैध कार्यालय को आज ढहा दिया। गौरतलब है कि तोमर बंधुओं के खिलाफ पुरानी बस्ती और तेलीबांधा थानों में जबरन वसूली, मारपीट, धमकी और सूदखोरी जैसे अपराध दर्ज हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>